<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>
<u>नई दिल्ली, 31 मार्च , 2021</u>

# भारत सरकार
# Government of India
# पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एम. ओ. ई. एस.)
# Ministry of Earth Sciences (MoES)
# भारत मौसम विज्ञान विभाग
# INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT

## अप्रैल से जून,2021 के दौरान तापमानों के लिए मौसमी दृष्टिकोण
## Seasonal Outlook for the Temperatures during April to June, 2021

**मुख्य अंश**

- **आगामी गर्मियों के मौसम (अप्रैल से जून) के दौरान, उत्तर, उत्तर-पश्चिम के अधिकांश उप-मंडलों तथा पूर्व मध्य भारत के कुछ उप-मंडलों में सामान्य से अधिक मौसमी अधिकतम तापमानों की संभावना है। हालांकि, दक्षिण प्रायद्वीप भारत के अधिकांश उपमंडलों और पूर्व, उत्तर पूर्व तथा सुदूर उत्तर भारत के कुछ उप-मंडलों में सामान्य से कम मौसमी अधिकतम तापमानों की संभावना है।**

- **पश्चिम तट के साथ-साथ और पश्चिमी भारत के कुछ उप-मंडलों में सामान्य से अधिक मौसमी न्यूनतम तापमानों की संभावना है। हालांकि, उत्तर पश्चिम, मध्य, पूर्व और सुदूर उत्तर भारत के कुछ उपमंडलों में सामान्य से कम मौसमी औसतन न्यूनतम तापमानों की संभावना है।**

2016 के बाद से, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (पृविमं/ MoES), भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी/IMD) नेपृ.वि.मं. के मॉनसून मिशन परियोजना अंतर्गत विकसित मॉनसून मिशन युग्मित पूर्वानुमान प्रणाली (एमएमसीएफएस / MMCFS) से प्रागुक्तियों पर आधारित गर्म और सर्द मौसम ऋतुओं दोनों के लिए देश में उपमंडल मापक्रम तापमानों के लिए मौसमी पूर्वानुमान दृष्टिकोण जारी करता रहा है। हाल ही में, आईएमडी ने मार्च से मई, 2021 के गर्मियों के मौसम के दौरान तापमानों के लिए मौसमी दृष्टिकोण जारी किया था। आईएमडी ने अब अप्रैल से जून, 2021 के आगामी गर्मियों के मौसम के लिए उपमंडल औसतन तापमानों के लिए मौसमी दृष्टिकोण तैयार किया है और इसे यहाँ प्रस्तुत किया गया है।

एमएमसीएफएस / MMCFS में लगभग 38 कि.मी. का स्थानिक विभेदन और मॉडल भौतिकी के बेहतर मापदंड (मॉड्यूल्स) है। 16 सालों (2003-2018) के लिए पूर्वव्यापी पूर्वानुमानों के आधार पर जलवायु विज्ञान मॉडल तैयार किया गया था। 36 एनसेम्बल सदस्यों के साथ 2021 मार्च की प्रारंभिक स्थितियों पर आधारित एमएमसीएफएस / MMCFS अनुकार का उपयोग करके मौसमी पूर्वनुमान दृष्टिकोण तैयार किया गया था। मॉडल हिंडकास्ट और पूर्वानुमानों को

संभावयता वितरण कार्य (पीडीएफ/pdf) विधि का उपयोग करके पूर्वाग्रह संशोधित किया गया है। 2003-2018 की अवधि के दौरान, उत्तर पश्चिम और मध्य भारत के कई उपमंडलों पर मॉडल हिंडकास्ट मध्यम कौशल दिखाते हैं।

## 2. एएमजे /AMJ मौसम (अप्रैल से जून 2021) के लिए पूर्वानुमान

चित्र 1 और चित्र 2, अप्रैल से जून 2021 (एएमजे) मौसम के लिए क्रमश: उपमंडल औसतन अधिकतम और न्यूनतम तापमानों के लिए संभाव्यता और विसंगति (दीर्घावधि सामान्य से प्रस्थान) पूर्वानुमानों को दर्शाता है। रंग कांतियाँ (शेड्स) सबसे संभवित टरसाइल श्रेणी* के साथ-साथ इसकी संभाव्यता और उप-मंडल क्षेत्र के भीतर या निकट लिखें मूल्यों को इंगित करते हैं जो सामान्य (2003-2018) पर आधारित तापमान विसंगतियों को दर्शाते हैं।

अधिकतम तापमान के लिए संभावित पूर्वानुमान (चित्र 1), उत्तर, उत्तर पश्चिम के अधिकांश उपमंडलों में तथा पूर्व मध्य भारत (झारखंड, छत्तीसगढ और उडीसा) के कुछ उप-मंडलों में सामान्य से अधिकअधिकतम तापमान दर्शाता है। दक्षिण प्रायद्वीप भारत के अधिकांश उप-मंडलों और पूर्व (गांगेय पश्चिम बंगाल), उत्तर पूर्व (सिक्किम और अधो-हिमालय पश्चिम बंगाल तथा असम) और सुदूर उत्तर भारत (जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख) के कुछ उप-मंडलों में सामान्य से कम अधिकतम तापमान अनुभव होने की संभावना है। देश के शेष उपमंडलों में ऋतु औसतन अधिकतम तापमान के लिए जलवायवी संभाव्यता अनुभव होने की संभावना है।

न्यूनतम तापमान के लिए संभावित पूर्वानुमान (चित्र 2), पश्चिम तट (कोंकण और गोवा तथा तटीय कर्नाटक) और पश्चिम भारत (सौराष्ट्र तथा कच्छ) के कुछ उप-मंडलों में सामान्य से अधिक न्यूनतम तापमान दर्शाता है। उत्तर पश्चिम (पश्चिम राजस्थान), मध्य (विदर्भ और पूर्व मध्य प्रदेश), पूर्व (छत्तीसगढ और झारखंड) और सुदूर उत्तर भारत (जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के कुछ उपमंडलों में सामान्य से कम न्यूनतम तापमान अनुभव होने की संभावना है।देश के शेष उपमंडलों में ऋतु औसतन न्यूनतम तापमान के लिए जलवायवी संभाव्यता अनुभव होने की संभावना है।

## 3. प्रशांत महासागर में ला निना(La Niña) स्थितियाँ


वर्तमान में, भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में मध्यम ला निना स्शितियां प्रचलित है और मध्य तथा पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्री सतह तापमान (SST) सामान्य से कम है। नवीनतम एमएमसीएफएस / MMCFS पूर्वानुमान इंगित करता है कि आगामी ऋतु के दौरान नीनो 3.4 क्षेत्र के ऊपर समुद्री सतह तापमान (एसएसटी/SST) गर्म होगा और आगामी गर्म मौसम ऋतु (अप्रैल-जून, 2021) के दौरान ला निना स्थितियों की एनसो /ENSO तटस्थ स्थितियों में संक्रमण की संभावना है।

## 4. विस्तारित रेंज पूर्वानुमान सेवाएं


आईएमडी/IMD संपूर्ण देश में अधिकतम और न्यूनतम तापमानों का प्रत्येक सप्ताह अद्यतनीत विस्तारित रेंज पूर्वानुमान (अगले चार सप्ताहों के लिए 7 दिन का औसत पूर्वानुमान) भी प्रदान करता है। यह आईएमडी नई दिल्ली पर वर्तमान में क्रियाशील मल्टी-मॉडल एनसेम्बल गतिकीय विस्तारित रेंज पूर्वानुमान प्रणाली पर आधारित है। पूर्वानुमान आईएमडी/IMD, दिल्ली वेबसाइट (https://mausam.imd.gov.in/imd_latest/contents/extendedrangeforecast.php) के माध्यम से उपलब्ध है।उपयोगकर्ताओं को बेहतर निर्णय लेने के लिए वर्तमान मौसमी पूर्वानुमान के अलावा तापमान के विस्तारित रेंज पूर्वानुमान का संदर्भ लेना चाहिए।

---

* टरसाइल श्रेणियों में 33.33% प्रत्येक की समान जलवायवी संभावनाएं हैं।




**चित्र 1.** अप्रैल से जून 2021 के लिए उपमंडल औसतन अधिकतम तापमानों के लिए संभाव्यता और विसंगति पूर्वानुमान




**चित्र 2.** अप्रैल से जून 2021 के लिए उपमंडल औसतन न्यूनतम तापमानों के लिए संभाव्यता और विसंगति पूर्वानुमान